# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## मैनुअल पद्वति निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 5096 का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2024 जगदलपुर,दिनांक 04/03/2024

नगरपालिक निगम, जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा अंतर्गत **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छ0ग0 की दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशाली एवं अद्यतन संशोधित दर सूची से कम अथवा अधिक की दर पर** इच्छुक संस्थानों से फार्म "अ" में स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्रर्ड पोस्ट द्वारा दिनांक 09.04.24 को अपरान्हः 05.00 बजे तक मुहरबंद मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रुप–01 | **जलप्रदाय शाखा** अंतर्गत टरबाईन **पम्प व एस0टी0पी प्लांट के टरबाईन पम्पो के इटरकनेक्शन का कार्य करने** बाबत्। | Rs-10.17 Lacs | Rs-31000.00 | Rs-750.00 | अनुबंध संपादन उपरांत प्रदत्त कार्यादेश अनुसार |
| ग्रुप–02 | **बोधघाट** चौक **में स्थित** जर्जर **पानी टंकी** को **सुरक्षित तोड़ने बाबत्।** | Rs-01.57 Lacs | Rs-5000.00 | Rs-750.00 | |

प्राप्त निविदायें दिनॉक 10.04.2024 को पूर्वान्हः 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी किया जावेगा। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 26.03.2024 को सायं 05.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 27.03.2024 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र (फार्म "ए / सी"), विस्तृत नियम तथा शर्ते एवॅ सामग्रियों का विस्तृत विवरण नगरपालिक निगम, जगदलपुर की विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.inएवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/ offline Tender) पर अवलोकन किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

पृ0 क्रमांक 5097 का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2024 जगदलपुर, दिनांक 04/03/2024

प्रतिलिपि :–

3 मान0 महापौर / अध्यक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
4 मान0 सभापति, ज0प्र0शा0, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
4. नेता प्रतिपक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. संपादक.......................................................................दैनिक समाचार पत्र रायपुर / जगदलपुर की ओर संप्रेषित कर लेख है कि, कृपया आपके समाचार पत्र के आगामी अंक में मात्र एक बार न्युनतम साईज में प्रकाशित कर इस पत्र की छायाप्रति एवं प्रकाशित समाचार पत्र की 3 प्रतियों सह देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत करें ।
6. सूचना फलकः– मुख्य कार्यालय / लोक निर्माण शाखा कार्यालय / जलप्रदाय शाखा कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर में चस्पा हेतु ।
7. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग. नया रायपुर की ओर संचालनालय के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु अग्रषित।
8 प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु ।
9. श्री सुमित महापात्र, जनसंपर्क, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर शासन के निर्देशानुसार समाचार पत्र में प्रकाशित करवाये जाने हेतु तीन–तीन प्रतियों में प्रेषित है। समाचार पत्र में प्रकाशन उपरांत प्रकाशित समाचार पत्र की दो–दो प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## विस्तृत निविदा विज्ञप्ति

निविदा क्रमांक 5096 का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2024 जगदलपुर, दिनांक 04.03.24

### निविदा से संबद्ध कार्य का विवरण एवं नियम तथा शर्तें

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र स्पीड / रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि / समय | दिनांक 09.04.2024<br>सायं 05.00 बजे तक |
| 2 | प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि / समय | दिनांक 10.04.2024<br>अपरान्ह 11.30 बजे |

### संपादित किये जाने वाले कार्यो का विवरण :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रुप–01 | **जलप्रदाय शाखा** अंतर्गत टरबाईन **पम्प व एस0टी0पी प्लांट के टरबाईन पम्पो के इटरकनेक्शन का कार्य करने बाबत्।** | Rs-10.17 Lacs | Rs-31000.00 | Rs-750.00 | अनुबंध संपादन उपरांत प्रदत्त कार्यादेश अनुसार |

टीप :–

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी किया जावेगा। निर्धारित निविदा प्रपत्र तथा नियम एवं शर्ते नगरपालिक निगम, जगदलपुर की वेबसाईड **www.nagarnigamjagdalpur.in** एवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/ offline Tender) से निविदा जमा करने के अंतिम तिथि / समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व तक डाउनलोड किया जा सकता है। धरोहर राशि का एफ. डी. आर. तथा निविदा प्रपत्र शुल्क रू. – 750.00 का डिमांड ड्राप्ट जो की आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में देय हो निविदा सह निर्धारित लिफाफा "A" के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
2. नियम एवं शर्तो का पूर्ण अवलोकन करने उपरांत ही निविदा में सम्मिलित होवें ।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

निविदा क्रमांक – 5096 group 1 दिनांक – 04.03.24

निविदा हेतु नियम तथा शर्तेः–

1. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
2. निविदा में प्रतिभागी बनने के पूर्व नियम तथा शर्तो का पूर्ण अवलोकन करने उपरांत ही निविदा में सम्मिलित होवें। निविदा से संबद्ध किसी भी प्रकार की जानकारी नगरपालिक निगम, जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा निरस्त करने, स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने/सामग्री की मात्रा कम अथवा अधिक करने/अनुमानित व्यय की राशि कम अथवा अधिक करने के समस्त अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेंगे।
4. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य रहेगा।
5. निविदा प्रपत्र, विस्तृत नियम/शर्तें एवं सामग्रियों का विस्तृत विवरण नगरपालिक निगम, जगदलपुर की वेबसाईट **www.nagarnigamjagdalpur.in** से निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व तक डाउनलोड/अवलोकित किया जा सकता है। निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट एवं निर्धारित अमानत राशि के एफ.डी.आर. सहीत जो कि आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में देय हो, निविदा प्रस्तुत की जानी होगी।
6. प्रस्तावित की जाने वाली दरों में समस्त प्रकार के कर एवं वर्तमान में प्रचलित जी.एस.टी. अतिरिक्त देय होगा तथा विभाग के भंडार कक्ष तक सामग्री पहुंचाने का समस्त व्यय (Transporting Charges & Labour Charges) सम्मिलित होना चाहिए। सामग्री प्रदाय उपरांत भुगतान किये जाने वाले देयकों में से शासकीय नियमानुसार करों की कटौति की जावेगी। परिवहन के दौरान सामग्रियों में किसी भी प्रकार की क्षति होने पर सामग्रीयॉ स्वीकार योग्य नहीं होगी ।
7. धरोहर राशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर को देय हो स्वीकार की जावेगी। पूर्व से विभाग में जमा एफ0डी0आर0 अथवा नगद राशि इस निविदा हेतु समायोजित नही की जावेगी।
8. स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि/समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
9. कार्य करने हेतु **नोटरी से प्रमाणित पेन कार्ड की छायाप्रति, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति** निविदा सह लिफाफा "बी" में प्राप्त होने पर ही दर प्रस्ताव से संबद्ध लिफाफा "सी" खोला जाकर निविदा पर विचार किया जावेगा।
10. निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर की सक्षम स्वीकृति उपरांत रूपये 100.00 मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर पर अनुबंध संपादित किया जाना होगा। अनुबंध अनुरूप सामग्री प्रदाय करने में असफल रहने पर भुगतान देय नही होगा साथ ही विभाग नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। अनुबंधित अवधि में दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि मान्य नही होगी।
11. उच्च गुणवत्ता की निर्धारित मानक सामग्री कार्य संपादन हेतु उपयोग किया जाना होगा अन्यथा भुगतान देय नहीं होगा। सामग्री का परीक्षण करवायें जाने हेतु विभाग स्वतंत्र रहेगा।
12. कार्य संपादन उपरांत सफल परिक्षण किये जाने के बाद ही भुगतान देय होगा।
13. कार्यादेश में दर्शित प्रदाय अवधि अंतर्गत कार्य संपादित करना अनिवार्य होगा।
14. निविदा हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छ0ग0 शासन की नियमावली का पालन किया जावेगा।
15. उपअभियंता के निर्देशानुसार कार्य संपादित किया जाना होगा।
16. निविदा क्रमशः A,B तथा C की तीन लिफाफा पद्धति में प्रस्तुत की जानी होगी। तीनों लिफाफे एक बडे लिफाफे में डालकर प्रस्तुत किये जाने होंगे। बडे लिफाफे में डाले जाने वाले लिफाफों पर लिफाफा क्रमांक–(A,B,C) , निविदा क्रमांक, निविदा दिनांक तथा खोले जाने की तिथि अंकित कर आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर को प्रेषित् किया जाना होगा। लिफाफा “A” में धरोहर राशि से संबद्ध F.D.R., लिफाफा “B” में नियम तथा शर्ते मान्य होने का प्रमाण पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण पत्र तथा लिफाफा “C” में निविदा प्रपत्र डालकर सभी लिफाफे मुहरबंद कर प्रस्तुत किये जाने होंगे। तीनों लिफाफे क्रमशः खोले जावेंगे। किसी लिफाफे में वांछित दस्तावेज प्राप्त न होने पर आगे क्रम के लिफाफे नहीं खोले जाकर निरस्त किये जावेंगे। लिफाफे निविदाकार अथवा उसके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि के समक्ष निर्धारित तिथि तथा निर्धारित समय पर खोले जावेंगे। निविदा खोले जाने की पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

निविदादाता के नाम एवं हस्ताक्षर

..............................................................

..............................................................

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर